# रिश्ता | by Suhani Agarwal

क्या ऐसी नाराज़ी है याद नहीं अब आती है
क्या भूल गए वो वादा तेरा मेरा
टूट गया क्या रिश्ता मेरा तेरा

ठोकर इतनी खाई मैंने पल पल धोखे मिले
सूख गए हैं आँख के आंसू पर तुम क्यों ना मिले
क्या तुमको तरस नहीं आता है बेटा नहीं सुहाता है
क्या भूल गए वो वादा तेरा मेरा
टूट गया क्या रिश्ता मेरा तेरा

तुझको पुकारूँ अर्ज़ गुज़ारूं सुनलो अर्ज़ मेरी
नैया है टूटी किस्मत रूठी देखो तरफ मेरी
बाबा अब तो आ जाओ नैया पार लगा जाओ
क्या भूल गए वो वादा तेरा मेरा
टूट गया क्या रिश्ता मेरा तेरा

सुनली अर्ज़ी गले लगाया धीर बंधाया है
व्यस्त था थोड़ा माफ़ी मैं मांगू सर पे हाथ फिराया है
अब ना तुमको रोना है ना कहीं पे झुकना है
करता हूँ ये वादा मैं हूँ तेरा साथ रहूँगा हर दम हर पल तेरा

क्या ऐसी नाराज़ी है याद नहीं अब आती है
क्या भूल गए वो वादा तेरा मेरा
टूट गया क्या रिश्ता मेरा तेरा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a4%be-by-suhani-agarwal/